भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2996

19 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की वर्तमान स्थिति

2996. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

श्रीमती रंजीत रंजनः

श्री मुकुल बालकृष्ण वासनिकः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मार्च 2025 तक स्वीकृत और कार्यात्मक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) की राज्य-वार संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) मार्च 2026 तक कितने एएएम को कार्यात्मक बनाये जाने की उम्मीद है;

(ग) डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाले एएएम की जिला-वार और राज्य-वार संख्या कितनी-कितनी है;

(घ) एएएम में कार्यरत कुशल प्रसूति परिचारिकाओं की जिला-वार और राज्य-वार संख्या कितनी-कितनी है;

(ङ) टेली-परामर्श सेवाएं प्रदान करने वाले एएएम की जिला-वार और राज्य-वार संख्या कितनी-कितनी है; और

(च) एएएम में स्वास्थ्य पेशेवरों के प्रकार के अनुरूप जिला-वार और राज्य वार रिक्तियों की संख्या कितनी-कितनी है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (च): आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिनांक 31.07.2025 तक की स्थिती के अनुसार देश भर में संचालित एएएम की राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

संचालित एएएम कुशल सेवा प्रदायगी और डेटा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए सुदृढ़ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणालियों से सुसज्जित हैं। इन प्रणालियों में वास्तविक समय डेटा प्रविष्टि, सेवा ट्रैकिंग और रिपोर्टिंग में सहयोग करने के लिए आवश्यक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अवसंरचना शामिल है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल, स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस), ई-संजीवनी, राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) पोर्टल, और प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) पोर्टल जैसे प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्मों का उपयोग विभिन्न स्वास्थ्य सेवा मापदंडों को दर्ज करने के लिए किया जाता है।

हैल्थ डाइनामिक्स आफ इंडिया (एचडीआई) (अवसंरचना और मानव संसाधन), 2022-23 एक वार्षिक प्रकाशन है, जो राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट किए गए स्वास्थ्य परिचर्या प्रशासनिक आंकड़ों पर आधारित है। देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एएएम सहित उप-स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों के स्वीकृत और रिक्त पदों का विवरण एचडीआई 2022-23 के निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:

https://mohfw.gov.in/sites/default/files/Health%20Dynamics%20of%20India%20%28Infrastructure%20%26%20Human%20Resources%29%202022-23_RE%20%281%29.pdf

ई-संजीवनी पोर्टल पर राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिनांक 31.07.2025 तक की स्थिती के अनुसार देश भर में टेली-परामर्श सेवाएं प्रदान करने वाले एएएम की राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक**-II में संलग्न है।

अनुलग्नक - I

दिनांक 31.07.2025 तक देश भर में संचालित एएएम की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या:

क्र.सं.	**राज्य/**संघ राज्य क्षेत्र	**संचालित एएएम की संख्या**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	129
2	आंध्र प्रदेश	11862
3	अरुणाचल प्रदेश	496
4	असम	4962
5	बिहार	10333
6	चंडीगढ़	60
7	छत्तीसगढ	5893
8	दिल्ली	67
9	दादरा एवं नगर हवेली और दवन व द्वीप	95
10	गोवा	302
11	गुजरात	10665
12	हरियाणा	3263
13	हिमाचल प्रदेश	2657
14	जम्मू और कश्मीर	3156
15	झारखंड	4122
16	कर्नाटक	10116
17	केरल	7107
18	लद्दाख	321
19	लक्षद्वीप	13
20	मध्य प्रदेश	12557
21	महाराष्ट्र	12583
22	मणिपुर	420
23	मेघालय	617
24	मिजोरम	412
25	नागालैंड	470
26	ओडिशा	7360
27	पुदुचेरी	127
28	पंजाब	3128
29	राजस्थान	11674
30	सिक्किम	184
31	तमिलनाडु	8447
32	तेलंगाना	5052
33	त्रिपुरा	1134
34	उत्तर प्रदेश	23014
35	उत्तराखंड	2359
36	पश्चिम बंगाल	13440
कुल		**1,78,597**

अनुलग्नक- II

टेली-परामर्श सेवाएं प्रदान करने वाले एएएम की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या (31.07.2025 तक)

क्रमांक	राज्य	एएएम की संख्या
1	अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह	60
2	आंध्र प्रदेश	11,394
3	अरुणाचल प्रदेश	177
4	असम	3,182
5	बिहार	9,195
6	चंडीगढ़	54
7	छत्तीसगढ	4,118
8	दिल्ली	2
9	गोवा	73
10	गुजरात	9,134
11	हरियाणा	1,827
12	हिमाचल प्रदेश	1,764
13	जम्मू और कश्मीर	824
14	झारखंड	3,008
15	कर्नाटक	5,998
16	केरल	5,622
17	लद्दाख	193
18	लक्षद्वीप	4
19	मध्य प्रदेश	9,611
20	महाराष्ट्र	8,633
21	मणिपुर	268
22	मेघालय	539
23	मिजोरम	294
24	नागालैंड	209
25	ओडिशा	6,263
26	पुदुचेरी	45
27	पंजाब	1,464
28	राजस्थान	4,190
29	सिक्किम	155
30	तमिलनाडु	6,849
31	तेलंगाना	4,999
32	दादरा एवं नगर हवेली और दमन व द्वीप	81
33	त्रिपुरा	644
34	उत्तर प्रदेश	18,275
35	उत्तराखंड	929
36	पश्चिम बंगाल	10,009
कुल		**130,086**

*****